है पता नहीं वह आईडैंटिटी कार्ड किसको देते हैं। मेहरबानी करके आप इसकी तरफ खास ध्यान दें और इसका जल्दी से जल्दी प्रबन्ध किया जाये। पीडब्ल्यूडी में जो मजदूर लगे हुए है मैं सरकार से उनके बारे में निवेदन करूंगा कि यह 2.50 रूपए या तीन रूपए का जो रेट रखा गया है यह तो कुछ भी नहीं है। तीन रूपए का तो सूखा अनाज खा जाता है दो तीन बच्चों वाला आदमी। तो कम से कम पांच रूपए दिहाडी रखनी चाहिए इससे कम नहीं। सुबह से शाम तक वह मिटटी काटता है। और अपने सिर पर ढोता है। वह बेलदार कहलाता है और उसको 2.50 रूपए और 3 रूपए मिलते है। मैं सरकार से और सारे हाउस से निवेदन करूंगा कि कम से कम इसकी और जरूर ध्यान दें और इसके लिये फौरन ही आर्डर करें कि लेबरर्ज को जो कि मिटटी का काम करें और इसके लिये पांच रूपए से कम दिहाडी न दी जाये। लडकियों के स्कूलों की आजकल काफी चर्चा हो रही है। शिक्षा के क्षेत्र में लडकियों की शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि जो कन्डीशन बिल्डिंग की रखी है लडकियों के स्कूलों के लिये वह नहीं होनी चाहिए और बिल्डिंग सरकार की तरफ से बनाई जानी चाहिए और जहां स्कूल नहीं है वहां जल्दी ही स्कूल खोलें जायें। इसके साथ ही मैं निवेदन करूंगा कि हमारे हल्के में जो तीन चार स्कूलों की अपग्रेडेशन करनी है वह जल्दी की जाये। धन्यवाद।

श्री श्याम चन्दः मैडम डिप्टी स्पीकर.....

उपाध्यक्षा: श्याम चन्द जी, एक रिक्वैस्ट है दो चार मैम्बर और बोलना चाहतें है। यानि कुछ और मैम्बर वान्ट टू टेक पार्ट इन डिबेट आप अगर ज्यादा ब्रीफ रखेंगे तो ज्यादा अच्छा होगा।

श्री श्याम चन्द: मैडम, दो साल बाद तो मुझे टाईम मिला है और फिर आपने पाबन्दी लगा दी है यदि आप मुझे नहीं सुनना चाहतीं तो मैं बैठ जाता हूं। (अर्न्तबाधाएं)

उपाध्यक्षा: नहीं, नहीं बोलिये।

Shri Shyam Chand (Baroda S.C.): Madam, Deputy Speaker Demands is for Grant are before the House. It is extremely painful to note that this Government has not taken into consideration new techniques of production or Constitutional and structure changes. For instance, take Agriculutre. There is no proper co-ordiantiton there. We have got a land mortgage bank and also Central Cooperative Bank. Both these institutions advance medium and long term loans to the farmers. But it will be better if instead of these two institutions,the long term credit facilities are transferred only to the Land Mortgage Bank and not to the Central Cooperative Bank so that there is no overlapping of activities, and we can save so much amount of money on staff and others.

Now Madam, there is another glaring anomaly in the purchase of tractors. Suppose, I want to purchase a car I go the bank. I get 70 per cent of the loan and mortgage my car which is for consumption purposes. But for a tractor I have to mortgage my land and not my tranctor which is for productive

purposes. We are passing through a green revolution. So, I would request this Government to eliminate this anomaly. This Land Mortgage Bank, Madam, Deputy Speaker, is primarily menat for advancing loans to the farmers on long terms basis. I understand that the Bank has advanced only three loans for long terms purposes in respect of underground channels and sprinklers in Mohindergarh District and one in Karnal District. Then, Madam this bank has not taken into consideration the necessity of reclamantion of land which is very essential for the production of more food. Also, Madam it will be better if the Government sinks its own tube-wells for small farmers and tenants so that they can also grow more food.

Now we have got another institution. That is the Agro-Industries Corporation. We are importing discs for harrows from foreign countries. It will be better, Madam, if the Agro-Industries Corporation start manufacturing discs for harrows, so that we can reduce a great burden on foreign exchange.

There is another institution in our State. This is the Warehousing Corporation. Madam Deputy Speaker, this Corporation gives facilities to private traders to stock their foodgrains and get 70 percent of loans from the Reserve Bank of India under Selective Credit Control Scheme. Suppose, I have got twenty thousand fo rupees to purchasee foodgrains and store them in the Government Warehouse. I get a loan of 14 thousand rupees from the Reserve Bank of India and again purchase foodgrains worth fourteen thousand rupees and stock there and again get loans. Likewise, I can purchase

foodgrains worth sixty thousand of rupees. And when I purchase foodgrains worth sixty thousand rupees. I purchase roughly @ Rs. 30 per maund. But when in December or January I sell them. I sell them at the rate of Rs. 40 per maund. So roughly I earn profit more than Rs. 20000 on my investment of Rs. 20000. So it is highly undesirable and this is a great burden on consumer and wage-earner. It is very bad and it should be stopped by the Government altogether.

Then, Madam, I come to Industries. We have got one Industrial Development Corporation.It was established by the Government to aid industries. But it is very painful to say here that in the last on year this Corporation has incurred a loss of Rs. 4 lacs. It has got a board of directos with ex-officio members who are frequently transferred. There is no proper mangament of that Corporation. So Government should take immediate steps to see that no further losses are incurred by the Corporation. Then this Industrial Development Corporation took two projects-one at Rewari, Leather Tanning Factory and another at Antri Biharipur, Marble Chips mine. Madam Deputy Speaker in this Leather factor there is a loss of more than Rs. 20000 in one year. It has not done any constructive job uptill now. So Government should take this factory into consideration also.

Then there is Haryana Financial Corporation. I have seen this Corporation. I have studies it. I will suggest two provisions in the constitution fo this Corporation-one provision for the writing off of the shares and second, provision for deferred payment so that industrialists can take proper advantage of this Corporation.

Then there is one Haryana Small Industries Export Corporation. It has done very well, I appreciate this Corporation. It is merely because of good staff. I will sugget that we must do something to increase our exports to hard currency areas so that income generating and capacity creating tendencies are introduced in the economy.

Then Education, Madam Deputy Speaker there has been much talk about education in this House and especially about the miserable conditions of the Teachers and Masters and I would request be removed immediately. It is in the interest of the State. It is in the interest of the education also.

Then Forests, Madam, Deputy Speaker, this congress party for the last 20 years has been promising lands to Harijans. There are many forests in the State and if these forest lands are given to the Harijans it can so something good at least. If somebody gives this argument that forests are very necessary then I will suggest that we are building new roads and we plant trees on their both sides. And if forests lands are actually given to Harijans they can also raise their social and economic standards.

Then I com to Harijan Welfare, Madam, Mr. Kanwar Singh Dahiya andother Harijan MLAs pointed out that last year we had only Rs. 180000 for Harijan welfare and there were many thousand applicants. Every applicant has spent more than Rs. 20 on one application. It seems clearly that we spent more than we got. It is no welfare at all. So Government should give more financial aid to harijans so that they can earn their livelihood in a better manner. In the end I would like to say, Madam that this congress party has been giving

promises to Harijans to give them lands. I want to tell this House very frankly that if the edage of hunger of land of Harijans is not blunted they will be threat to the entire economy and future democracy in India and all our social and cultural values of life which we cherish so much would be smothered into various kinds of economic creeds and essence. And only congress party will be responsible for such a political upheaval. Thanks.

चौधरी पोकर राम गोदारा (फतेहबाद): डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अपने विचार आपके द्वारा हाउस में रखूंगा। फाइनेन्स मिनिस्टर साहिबा ने जो बजट रखा है वह बहुत शानदार बजट है मैं उसकी तारीफ करता हूं। पढने से पता चलता है कि उस में बहुत सी स्कीमें रखी गई है। लेकिन फतेहबाद को उस में नजरअन्दाज रखा गया है। ऐसा नहीं होना चाहिए। फतेहाबाद का इलाका, हरियाणा के अन्दर सब से बडा इलाका है और उसके अन्दर 125 गांव हैं और उस में जो वोटरज है वह 65 हजार के करीब है। यह तहसील हरियाणा में सब से बडी तहसील है लेकिन यहसब से पिछडा हुआ हल्का है उसके अन्दर सिर्फ दो सडकें है जोकि साईड से जाती है और एक भी सडक बीच में नहीं। जो सडक बहुत जरूरी है वह है रतिया से अलावलवास। पिछले साल दो सडकें मंजूर हुई थी लेकिन उस में एक बनी लेकिन एक अभी तक उसी तरह पडी हुई है उस का अभी तक कुछ नहीं किया गया। ऐसा नहीं होना चाहिये सरकार को इस तरफ पूरा ध्यान देना चाहिये। इस इलाके के अन्दर इतना रास्ता खराब है जिसकी

कोई हद नहीं है। फतेहाबाद के आसपास जो निहायत जरूरी सडकें है वह हैं फतेहबाद से हांसपुर और रतिया से भूना। इस तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिये। डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं अब हस्पताल की बात को लेता हूं एक हस्पताल रतिया में और एक फतेहाबाद में है। शेष इतने बडे हल्के में कोई हस्पताल नहीं है और एक हस्पताल मवेशियों का हस्पताल बहुत जरूरी है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, अब स्कूलों की बात करता हूं। हाई स्कूलों के लिये भी सरकार को ध्यान देना चाहिये ताकि बच्चों की तालीम अच्छी हो सके। फतेहबाद में ला कालेज भी होना चाहिए। इस इलाके का पानी जो है वह मीठा है वहां पर टयूबवैल भी लगाने बहुत जरूरी है। कुछ लोगों ने वहां पर टयूबवैल लगाए भी हुए है लेकिन सरकार की तरफ से वहां पर कोई मदद लोगों को नहीं है। ऐसा नहीं होना चाहिए। सरकार को चाहिए कि लोगों को कुछ न कुछ इमदाद दे और सरकार की तरफ से भी टयूबवैल लगने चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, कुल इलाकों के अन्दर थोडा सा इलाका ऐसा है जहां पानी तो अच्छा नहीं है लेकिन वैसे पानी काफी है तो सरकार को डीप टयूबवैल लगाने चाहिए जिस से काश्त बढाई जा सके। टयूबवैल लगने से 40 एकड तक फ्री टयूबवैल काश्त बढाई जा सकती है। डी टयूबवैल लगाने से बिजली का खर्चा भी बढ जाता है और जमींदार का खर्च भी ज्यादा हो जाता हे इस वास्ते जो पानी टयूबवैल के जरिये दिया

जाये चाहे वह डीजल इन्जन से ही चाहे बिजली से उस पानी का आबयाना या बैटरमैंट लेवी नहीं होनी चाहिए सरकार को खासतौर से इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, फतेहाबाद का नया कस्बा है उसमें एक रैस्ट हाउस भी होना चाहिए। और जोएसडीएम कोर्ट है जोकि सडक के नजदीक ही पडती है वह तहसील रैस्ट हाउस के पास ही होनी चाहिए।

जनाब ब्लाक रतिया के अन्दर अगर आप देखें तो 30 मील के अन्दर कोई मन्डी नहीं है हालांकि इस इलाके में सब से ज्यादा प्रोडक्शन होती है और पिछले साल तो इतनी पैदावार हुई थी कि यह इलाका पहले नम्बर पर था। कभी कभी यहां पर दरिया घग्गर की वजह से फलड आ जाते है और वह बहुत तबाही करते है। यहीं नहीं फलड आने के बाद भी उस इलाके की बनावट ऐसी है। कि वहां से पानी बाहर नहीं निकल सकता और वह फतेहाबाद के पास झील की सूरत इख्तयार कर लेता है। इसलिये मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि फलड को रोकने के लिये कोई न कोई इन्तजाम करना चाहिये।

एक बात और मैं सरकार के नोटिस में लाना चाहूंगा कि जो सुखचेन माईनर है उस पर जो कट कर देते है आपस की दुश्मनी की वजह से उसका नतीजा यह होता है कि जो फसलें पकने पर आई हुई होती है वह बरबाद हो जाती है। इसलिए

हासपुर बीराबदी के बीच में असकेप बनना चाहिए ताकि फसल को बचाया जा सके।

अब जनाब मैं थोडा समय चण्डीगढ के बारे में कुछ कहने के लिये लेना चाहता हूं। यह तो सब को पता है कि हरियाणा के हरके आदमी ने इस बात की कोशिश की कि चण्डीगढ हरियाणा को मिले। हर पार्टी यही चाहती थी कि हरियाणा के अन्दर ही चण्डीगढ को हरियाणा में लाने की डिमांड की। वह श्रीमति गांधी जी से मिले और अपनी मांग मनवाने के लिये जोर दिया। यह भी सब को पता ही है कि 17 नवम्बर को दिल्ली में हरियाणा के लोगों ने मिलकर बहुत बडी तादाद से एक जलूस निकाला और हिन्दुस्तान की सरकार के सामने अपनी आवाज बुलन्द की लेकिन बावजूद सारी कोशिशों के चण्डीगढ हरियाणा को न मिला। अब जो कुछ हुआ सो हुआ लेकिन हमारे कुछ भाई यह कहते हैं कि चलो चण्डीगढ तो हमारे लिये सफेद हाथी था जो कि हमारे हाथ से निकल गया। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर चण्डीगढ सफेद हाथी था तो पहले से क्यों नहीं हरियाणा की जनता को यह बतलाया गया। लेकिन अब जब देखा कि अंगूर खटटे हैं तो फिर दूसरी दलील सफेद हाथी वाली पेश करने लगे। मुझे इस बात पर सख्त अफसोस है कि हमारी कोशिशों के बावजूद चण्डीगढ हरियाणा के हाथ से निकल गया यह हमारी जनता के साथ और हरियाणा सरकार के साथ बडा भारी अन्याय हुआ है।

अब मैं हदबन्दी के बारे में कुछ कहना चाहता हूं यह जो हदबन्छी कमीशन की बात रखी है यह भी हरियाणा को मुसीबत में डालेगी और मेरा यकीन है कि अगर हमारे हक में कोई बात जाती होगी तो उसको लागू नहीं किया जाएगा लेकिन अगर हदबन्दी कमीशन ने कोई फैसला हमारे खिलाफ किया और पंजाब जाएगा क्योंकि यह मेरे और सब के देखने में आया है कि शाह कमीशन ने अपनी रिपोर्ट जो दी थी उस पर अमल इसलिये नही हुआ कि वह हमारे हक में थी इसलिये इस हदबन्दी कमीशन की कोई जरूरत नहीं थी।

जनाब चौधरी रणबीर सिंह जी ने यह कहा है कि अगर हदबन्दी कमीशन ने ठीक तरह से जांच की और अपना फैसला दिया तो पंजाब की बहुत सारी तहसीलें हरियाणा को मिल जाएगी लेकिन मुझे इस बात का खतरा है कि कहीं ऐसा न हो कि गये थे नमाज बखशाने और रोजे गले पड गए। जो 107 गांव देने का एलान किया गया है अगर यह बात यहीं तक रहती तो ठीक है मगर कहीं ऐसा न हो कि नये कमीशन के बैठने पर 107 गांव की बजाये और कई सौ गांव हमको देने पडे। अगर ऐसा हुआ तो फिर जो चण्डीगढ हमारे हाथ से गया है उसके साथ साथ यह 100 गांव देरक हमें रून्गा देने की रस्म अदा करनी पड जाएगी।

मुझे एक कहानी याद आ आई महाराष्ट्र के संत तुका राम थे। वह बहुत पहुंचे हुए सन्त थे। एक बार उनके घर में कुत्ती आ गई और जितनी रोटियां रखी थी वह उठाकर ले गई।

जब उन्होंने कुत्ती को रोटी ले जाते हुए देखा तो वह उसके पीछे पीछे हो लिये और कहने लगे कि भई रोटी हमने अभी चुपडी नही थी। जरा ठहर जा मैं रोटी चुपड दूं तो खा लेना। तो कहीं तुकाराम की तरह न हो कि पंजाब चण्डीगढ ले गया और हम पीछे से चण्डीगढ को चुपडने के लिये 100 गांव और दे दें आखिर में मैं अधिक न कहता हुआ इस बात की अपील करता हूं कि जो नया हदबन्दी कमीशन बिठाने की सलाह है उसे हम को ना मंजूर कर देना चाहिये।

उपाध्यक्षाः देखिये मैं सदन को एक बात बतलाना चाहती हूं कि मेम्बरज हाउस में बोलना चाहें वे प्वायंट लिखकर तो बोल सकते हैं मगर लिखी गई स्पीच नहीं पढ सकते।

राव दलीप सिंह (कनीना): डिप्टी स्पीकर साहिबा, सब से पहले मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे टाईम दिया। हरियाणा के अन्दर चण्डीगढ के मामले पर जो तशदद हुई जो जुल्म हुआ और मालूम बच्चों पर इनडिसकिमीनेट फायरिंग की गई उसकी वजह से हमारा सिर शर्म के मारे झुक जाता है। मैं उस दिन रिवाडी में मौजूद था जिस दिन गोली चली और लोगों को जो छतों पर चढे हुए थे, उनको भी मार दिया गया (विघ्न)..... .....

मैं जनाब नादौड का वाक्या बतलाता हूं कि वहां पर न सिर्फ पुलिस के सिपाहियों ने बल्कि एक जिम्मेदार सब इन्सपैक्टर

ने गोलियां चलाई लेकिन आज यहां सरकार के साथ देने वाले ऐसी बात करते है कि जैसे पुलिस ने कहीं कुछ नहीं किया हो और उस सब इन्सपैक्टर की करतूत को छिपाया जा रहा ह। मैंने अपनी आंखों से देखा है रिवाडी के अन्दर जो लोग मरे उनको चलती हुई गाडियों में डाल कर उनकी लाशों को रवाना कर दिया और पता नहीं चलने दिया कि जो आदमी मरे उनकी संख्या कितनी थी। गोली चलने के बारे में जो हमने जुडिशियल इन्क्वायरी की मांग की वह भी नहीं मानी गई। आज डिप्टी स्पीकर साहिबा जनता के सामने सब से बडा सवाल यह है कि यह जमहूरियत कामय रहे या न रहे। अगर ऐसे वाक्यात होते रहे तो लोगों का जमूहरियत से विश्वास खत्म हो जायेगा। एक तरफ कहते हैं कि फायरिंग जस्टीफाइड थी लेकिन जब हम इन्क्वायरी की फाइंडिंग आपके पास आ चुकी है वह बिल्कुल फार्स है उसे से कोई मतलब हल नहीं होगा। सरकार का रवैया जनता के लिये फेवरेबल नहीं है। यह तो अपनी झोलियां भरने के लिये तैयार है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, खेतीबाडी के मामले में किसानों के साथ बडा भारी धोखा किया जा रहा है। उन्हें बिजली महंगी मिलती है। फर्टीलाईजरज मंहगे मिलते है और किसान की यह हालत है कि जहां भी वह अपना काम करवाने के लिये जाता है उसे पैसे रिश्वत के रूप में देने पडते हैं। सरकार की तरफ से भी किसानों से समाल सेविंगज बांड के सिलसिले में 5 रूपया माहवारी उगराही करने के आर्डरज पटवारियों को और गिरदावरों को दिये गये थे और वह 5 रूपये के हिसाब से उनसे वसूली की जाती है।

अगर वह यह अदा नही करता है तो उसके माल में बकाया निकाल दी जाती है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, कितने जुल्म की बात है कि गरीब किसान पर नाजायज दबाब डाला जाता है कि उससे स्माल सविंग के लिये पांच रूपये फी एकड पर मंथ लिये जाये। इस बारे में मैंने एक सवाल भी किया था लेकिन सरकार की तरफ से नो में जवाब आया कि ऐसी कोई हिदायतें नहीं की गई है कि वसूली की जाये। मेरे पास डाकुमैंटस मौजूद है कि रैवेन्यू अथोरिटीज ने ऐसी हिदायात जारी की है लेकिन इनकी तरफ से नो में जवाब आता है। इन हालात मे मैं हैरान हूं कि इस सरकार पर और इसके अफसरों पर क्या एतबार किया जाये जो इस तरह गलत जवाब देते हैं और हमें मिसगाइड करते हैं। एक बात और मैं बताना चाहता हूं। जब लैंड रिफार्मज की बात चली और 30 स्टैंडर्ड एकड की सीलिंग लगी तो उस वक्त बहुत रजिस्टरियां हुई। उस वक्त तहसीलदारों ने कहा कि अगर दो हजार रूपये के बांड लोगे तो रजिस्टरियां अटैस्ट करेंगे। जब लोगों ने कहा कि इतनी रकम नही दे सकते तो उन्होंने कहा कि अगर दो हजार के बांड नहीं ले सकते तो दो सौ रूपया ब्याज का दे दो। इस तरह उन्होंने ही रजिस्टरी करवाले वाले से दो दो सौ रूपया लेकर अपनी जेब में डाल लिया और उसकी कोई रसीद वगैरा नहीं दी। इस बारे में फाइनैंस मिनिस्टर साहिबा और चीफ मिनिस्टर साहब को शिकायत भी की गई थी और उन्होंने इन्कवायरी भी कराई थी लेकिन इस बारे में कोई पता नहीं लगा कि क्या ऐक्शन लिया गया है। और जिलों का तो मुझे पता नहीं

लेकिन जिला महेन्द्रगढ में लाखों रूपये की कुरप्शन स्मालसेविंग के नाम पर हुई है और किसानों को स्माल सेविंग के नाम पर बहका कर लाखों रूपया तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने अपनी जेबों में डाला है? इसकी इन्क्वायरी भी हुई थी लेकिन पता नहीं क्या ऐक्शन लिया गया है। किसानों के लिये बडी मुश्किल तो यह है कि हर एक जो आता है वह किसान के उपर ही चढता है। कोई भी टैक्स लगे पहले वह किसानों पर ही लगता है। अगर कोई सरचार्ज लगना हो तो किसानों पर लगता है और अगर कोई लेवी लगनी हो तो किसानों पर लगती है। हमारे हरियाणा का किसान निहायत भोला भाला है और मेहनत के लिये सारे देश में मशहूर है। उसने अपनी जमीन को अपने पास रखने के लिए भारी कुरबानियां की हैं और आज से 20/30 साल पहले ऐसा वक्त भी आया था जब वह लगान भी अदार नहीं कर सकता था मेरे जिला की एक बात है कि एक किसान जब लगान अदा नहीं कर सका तो हकूमत ने हुकम दिया कि उसे कोडे लगाये जायें। जब उसे कोडे लगने लगे तो उस ने कहा कि ठकर जाओ पहले उसे अपनी कमरी उतार लेने दो। जब उसे यह कहा गया कि वह कमरी न उतारे नही ंतो उसकी चमडी उधड जायेगी तो उसने कहा कि चमडी तो उसकी दोबारा आ जायेगी लेकिन कमरी दोबारा नहीं आयेगी। यह हालात थे जिनमें किसानों ने कोडे खा खाकर अपनी जमीनें रखी है और आज उन पर फिर तरह तरह के टैक्स लगा कर उनको परेशान किया जा रहा है। आज उस ने जरा होश सम्भाला है और उसके बच्चे मुस्कराने लगे हैं तो आप उसकी जमीन छीनना चाहते

हैं और चाहते हैं कि उसका लगान बढा दें सरचार्ज लगा दें स्माल सेविंग के पैसे ले लें। बिजली वाले क्या और दूसर क्या सब उसे तंग करते हैं और उसे पैसे देने के लिये मजबूर करते हैं। उसकी कोई सुनवाई नहीं होती है।

फिर आप देंखें कि टीचर्ज ने क्या कसूर किया था जो आज मारे मारे फिर रहे हैं और उनका कोई ठौर ठिकाना नहीं है। उनको दूर दूर इलाकों में भेज दिया गया है और उनके खिलाफ केसिज बनाये जा रहे है। जब वह इंदिरा जी के पास जाते हैं तो वहां यह बात बताई जाती है कि इनहोंने चण्डीगढ के फैसले के बाद जो हालात हुये उनमें पार्ट लिया है और जानबूझ कर उनको फंसाया जा राह है। आप जानते हैं कि शिक्षा वहीं दे सकता है जिसका दिमाग ठीक हो और जिस के मन में शान्ति हों। जिस आदमी के दिमाग में शान्ति नहीं है वह बच्चों को क्या पढा सकेगा। अगर आप चाहते है कि बच्चों को ठीक ढंग से शिक्षा मिले तो जरूरी है कि मास्टर्ज, टीचर्ज और लैक्चरारज को पूरी फेसिल्टीज दी जायें। यह एक हिस्टारीकल फैक्ट है कि 1815 में वाटरलू के मैदान में नेपोलियन की शिकस्त हुई थी और उस जनरल का नाम मुझे याद नहीं शायद उनका नाम बैलिंगडन था या नैलसन था जिसने नेपोलियन को हराया था जब उसे मुबारिकबाद दी गई कि उसने एक बहुत बडे जनरल को हराया है तो उस जनरल साहब ने कहा कि यह लडाई तो वाटरलू से पहले ही जीत ली हुई थी और यह लडाई ईटन और हेरों के स्कूलों में

ही जीत ली गई थी जहां पर कि वहां के टीचर्ज ने बच्चों में देशभक्ति की और उंचे कैरेक्टर की भावना भरी थी। तो मैं कहना चाहता हूं कि हम भी आज करप्शन की लडाई स्कूलों में लड सकते हैं। सोसायटी का छोटे बच्चों में कैरेक्टर पैदा करके रिफार्म कर सकते हैं ओर जमहूरियज में विश्वास पैदा कर सकते हैं लेकिन यह काम टीचर्ज ही कर सकते हैं लेकिन आज यह हो रहा है कि उन नेशन बिल्डर्ज को मारा जा रहा है। आज वह उस्ताद जिन्होंने कौम को बनाया है दर दर मारे मारे फिर रहे हैं उनको केस बना बना कर परेशान किया जा रहा है और आज उनको कहीं कोई ठौर ठिकाना नजर नहीं आता है। मैं अर्ज करता हूं कि अगर नेशन को बनाना हे तो आप मास्टर्ज, टीचर्ज और लैक्चरारज को ज्यादा से ज्यादा सहूलियते दें। आज हरियाणा में बहुत सारे गांव ऐसे है जहां पर पीने के लिये पानी लोगों को नहीं मिलता है। लोग कई कई मील से पानी उंटों पर और अपने सिरों पर लाते हैं। आज 20/22 साल की जमहूरियत के बाद अगर देहात में लोगों को पीने के लिये पानी भी न मिले तो मैं समझता हूं कि यह लानत की बात है। वह किसान जिसे तीन चार मील से पीने के लिये पानी लाना है या जिसने जोहड का पानी पीना है वह क्या काम कर सकेगा। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार को इस तरफ पूरी तवज्जह देनी चाहिये और जल्दी से जल्दी हर जगह पीने के पानी का इन्तजाम किया जाये। कहत के दौरान कहा जाता है कि महेंद्रगढ में काफी रीलीफ दिया गया है और फाडर तकसीम किया गया है किसान को रिलीफ मिलना भी चाहिये

क्योंकि कहत में ज्यादा नुकसान किसान का ही होता है लेकिन मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि वहां किसान को कोई रिलीफ नहीं मिला है लेकिन मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि वहां किसान को कोई रिलीफ नही मिला है और फाडर के बारें में मैं कह सकता हूं कि 90 फीसदी करप्शन के रास्ते गया है। फाडर का 90 फीसदी पैसा करप्ट आदमियों और ठेकेदारों और दूसरे स्टाफ ने खाया है और जिन लोगों को नुकसान हुआ है उनको रिलीफ नहीं मिला है। महेन्द्रगढ के बारे में ता मैं एक वसूक के साथ कह सकता हूं बाकी इलाकों का मुझे पता नहीं है।

रीजनल इंजीनियरिंग कालेज, कुरूक्षेत्र को सरकार की तरफ से 10 लाख रूपये सालाना दिये जाते है। मैंने सुना है और मैं वहां के सैनिट का मैम्बर भी हूं कि वहां पर बडी भारी करप्शन है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि उसकी सारी इन्कवायरी की जायें और देखा जाये कि वहां करप्शन है या नहीं। महेन्द्रगढ के हस्पताल का बुनियादी पत्थर रखा हुआ है और उसके लिये पांच छह लाख रूपया मंजूर भी हुआ था लेकिन वह अभी तक नहीं बना है। मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि उसे जल्दी बनाया जाये। इसके साथ मैं अर्ज करता हूं कि हमारे हरियाणा में ऐग्रो–इन्डस्टरीज कारपोरेशन ने कोई एक हजार इम्पोर्टिड ट्रैक्टर्ज इशू किये हैं लेकिन मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि महेन्द्रगढ में एक भी नही गया है। हमारे साथ कितनी ज्यादती की बात है कि एक हजार में से वहां एक भी नही गया है। जब पूछते

है तो कहते है कि वहां से ऐप्लीकेशनज नही आई। मैं कहना चाहता हूं कि वहां पर लोगों को बताया ही नहीं गया कि ऐप्लीकेशनज देनी है। वहां पर जो बीडीओ तहसीलदार डिवैल्पमैंट अफसर ऐग्रीकल्चर इन्सपैक्टर और डीसी वगैरह है उनका और क्या काम है अगर वह किसानों के बारे में इस बारे में कोई गाइडैंस ही नहीं दे सकते है। उनको किसानों को बताना चाहिये कि ट्रैक्टर्ज आये हैं उसके लिये ऐप्लाई कर दो।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, महेन्द्रगढ में एक ऐजूकेशन सोयायटी का चुनाव होना था लेकिन हकूमत ने वहां के लोकल अफसरों पर दबाब डाल कर धारा 144 लगा दी और वह चुनाव नही हो सका। डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर इस तरह से अफसरों पर नाजायज दबाब डाल कर गलत काम किये जाते है और जनता पर विश्वास नही किया जाता तो आप जानते हैं कि इसका बच्चों पर टीचर्ज पर और आम जनता पर कितना बुरा प्रभाव पडता है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, कोआप्रेटिव सोसायटियां काफी रोल प्ले करती है। इसमें कोई शक नहीं कि गवर्नमेंट ने इस कोआप्रेटिव सोसायटी को सुपरसीड कर दिया जिसका मैं चेयरमैन था मुझे सुपरसीड होने का गिला नहीं हैं। गिला इस बात का है कि नाजायज तरीके से सुपरसीड किया जाता है। गवर्नमेंट ने फर्टिलाइजर खरीदा था। डिपाटमैंट के सैक्रेटरी को बुलाकर कहा कि यह फर्टिलाईजर इन को दे दो। हमने इस फर्टिलाइजर को लेने से इंकार कर दिया क्योंकि वह महंगा था। अगर हम खरीद

लेते तो साढे सात लाख रूपये का नुकसान होता। हमने इनकी इस बात को मंजूर नही किया जिस का रिजल्ट यह हुआ कि गवर्नमेंट ने बोर्ड को ही हटा दिया। बोर्ड को सुपरसीड करने की बात नहीं है अफसोस इस बात का है कि आईएएस अफसरान को नाजायज दबाया जाता है जानबूझ कर करप्शन करवाई जाती है। अगर यही हालत रही तो जनता का विश्वास जमहूरियत से उठ जाएगा। आप अपने करैक्टर को कायम रखे ताकि जनता का विश्वास बना रहे। इस किस्म की कुरप्शन को बन्द करें।

चौधरी चन्दा सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं डिमांड.....
.....

चौधरी लाल सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर मैडम। मेरा प्वायंट आफ आर्डर यह है कि मैंने भी बजट के उपर बोलना है इसलिए मुझे टाईम दिया जाए।

उपाध्यक्षाः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। आप मेहरबानी करके बैठ जाएं।

चौधरी चन्दा सिंहः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं डिमांडज और बजट का समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं। बजट को देखने से पता चलता है कि आज हमारे देश का भविष्य बडा उज्जवल है हर क्षेत्र में प्रगति के चांसिज नजर आ रहे है। हम सब जानते है कि हमारे देश की 60 परसेंट आय खेतीबाडी पर निर्भर करती है। अगर आप पिछले दो तीन सालों में हुई प्रगति

का हिसाब लगाये तो आपको मालूम होगा कि हमारी स्टेट की माली हालत बहुत अच्छी हो गई है। जो तबदीली मुल्क में इन दो तीन सालों में आई है इतनी पहले कभी नहीं हुई। किसानों की तो जैसे कायाकल्प हो गई है इतनी अच्छी हालत है। पिछले साल में बीस हजार टयूबवैल स्थापित किए गए है जो कि खेतीबाडी के लिए एक हैरत है। यह दुनियां में एक रिकार्ड है क्योंकि जहां सदियों से एक भी टयूबवैल न हो वहां एक ही साल में बीस हजार टयूबवैल लग जाएं इससे अच्छी बात और कौन सी हो सकती है। अगले साल भी बजट में टयूबवैल्ज के लिए काफी प्रोवीजन है। चौथी प्लान के कम्पलीट होने पर जब हमारी स्टेट में एक लाख के करीब टयूबवैल्ज हो जायेंगे जो आप समझ सकते हैं कि हमारी स्टेट की हालत कितनी अच्छी होगी? यह ऐसी होगी जैसे कि एक सजाई हुई कोठी होती है। खेतीबाडी में उन्नति करने वाली चीजें जैसे हाई वरायटी बीज और खाद में हम दूसरे नम्बर पर है। लोगों को रोजगार देने के लिए दस्तकारी और उद्योगों ने भी काफी उन्नति की है। उद्योग धन्धे चलाने के लिए हरियाणा गवर्नमैंट ने बडे बडे उद्योगपतियों को आमन्त्रित किया है। बाहर की स्टेटों के उद्योगपति और अपनी स्टेट के उद्योगपति हरियाणा में अपने अपने उद्योग स्थापित करेंगे। हमारी स्टेट के नौजवान दिमागी तौर पर ठीक है लेकिन अपने दिमाग को इस्तेमाल करने के लिए दस्तकारियों की कमी है उनको दस्तकारी की ट्रैनिंग नही मिलती। सरकार को चाहिए कि गरीब लोगों को दस्तकारी की ट्रैनिंग दे। वे इतने गरीब है थोडा सा पढने के बाद क्लर्क बनने

की कोशिश करते है या कोई छोटा मोटा आईटीआई का डिप्लोमा ले लेते है। आईटीआई से केवल डिप्लोमा ही लेते है उनको काम करने का कोई जाति तजूरबा नहीं होता जिसके बेसिज पर वे कोई अच्छी नौकरी कर सकें। जहां तक एक करोड या पचास लाख तक के उद्योगों का ताल्लुक है इनकी तादाद तो बहुत कम है इनमें ज्यादा एम्पलायमेंट की गुजायंश नहीं है लेकिन जो पचास हजार या एक लाख तक के उद्योग हैं जिन पर दो परिवार, तीन परिवार या चा परिवार मिलकर काम कर सकें चला सकें, ऐसे उद्योगों की संख्या अधिक होनी चाहिए। इस लिहाज से भी हमारी स्टेट की स्थिति ठीक होती जा रही है और सरकार अधिक से अधिक आईटीआई खोल रही है। खेती बाडी में भी हमारा सूबा नम्बर दो पर है। दस्तकारी की तरह भी तवज्जुह दी जा रही है। दस्तकारी के लिए जो आईटीआई है उन में व्यवस्था ठीक नहीं है। सरकार ने हर तहसील पर आईटीआई खोल दी है लेकिन इन में यह हालत है कि पढने वाले 15 होंगे और पढाने वाले 201 इसके बावजूद भी टीचर कुछ नही पढाते, वे सोचते है कि नौकरी ही करनी हे नौकरी के पीछे जो भाव होता है बच्चों को योग्य बनाने की जो भावना होती है वह बिल्कुल नहीं होती। आपको मालूम है गांवों में रहने वाले लोग ज्यादातर या तो खेतीबाडी करते हैं या मजदूरी करते है। जो लडकें पढते है जिन्होंने मैट्रिक, बीए, एमए पास की हुई है उनको दस्तकारी की जानकारी ही नहीं होती और अगर किसी को जानकारी हो भी उसके पास साधन नहीं होता जिसकी वजह से हमारी इंडस्ट्रीज में उतनी तरक्की नही हो पाती

जितनी की होनी चाहिए। चौथी प्लान के अन्दर खेतीबाडी में काफी उन्नति हो जाएगी। लेकिन किसान जो पैदा करता है उसकी कीमत ठीक तरह से मुकरर्र नही की जाती। इस सम्बन्ध में दूसरे लोगों ने भी कहा। इस के जवाब में ये कह देते हें कि यह स्टेट गवर्नमेंट का सबजैक्ट नहींह है गवर्नमेंट आफ इंडिया का सब्जैक्ट है। सैन्ट्रल गवर्नमेंट जब चीजों की कीमतें मुकर्रर करती है उसकी बेस लाईन का हमें पता नहीं चलता कि वे किस हिसाब से कीमतें मुकर्रर करती है। गेंहू की कीमत पचास रूपये क्विंटल फिक्स कर देते हैं। लेकिन गेहूं पैदा करने के साधन महंगे होते है परिणाम यह होता है कि किसान को कोई फायदा नहीं हो पाता। पैदा करने के साधन मंहगे हो जाते है और गेहूं की कीमत कम हो जाती है। पिछले साल दो कोआप्रेटिव शुगर मिलों में एक को 30 लाख रूपये का घाटा रहा और दूसरी को 16 लाख का घाटा रहा। यह घाटा गवर्नमेंट आफ इंडिया की सोची समझी पालिसी के कारण हुआ है कर्मचारियों का कोई कसूर नहीं है। अगर सैन्ट्रल गवर्नमेंट सोच समझकर पालिसी बनाये तो कभी घाटा नहीं हो सकता। अभी चीनी का रेट 125 रूपये प्रति क्विंटल कम कर दिया है। हमें पता नही कि कितना रेट घटाने का क्या कारण है? कुछ न कुछ तवाजन तो रखना चाहिए जिससे किसान को ज्यादा नुकसान न हो। आज साईंस का युग है ऐसा नहीं होना चाहिए कि दिल्ली या चण्डीगढ में बैठकर फैसला कर लिया इसके लिए ठोस कारण होने चाहिए। जमींदारों की दिक्कतों का ध्यान रखना चाहिए। भगवान की यानि कुदरत की जो बातें है उन को चलाने

के लिए पानी सारे समाज को चलाने के लिए मानव अपनी जिम्मेदारी रखता है। आज हमारे देश में बैचेनी है। अगर डिप्टी स्पीकर साहिबा इस असतुष्टि का कारण हम खोज करें तो हम इस निश्चय पर पहुंचेंगे कि सरकार की व्यवस्था में दोष के कारण है। आज बंगाल में जो स्थिति बडी भंयकर है वह इसी वास्ते है। कि वहां की सरकार यथार्थता से या हकीकत से बहुत दूर चली गई है। इसलिए सरकारों को चाहिए कि वह प्रत्येक आदमी को, चाहे वह चमडे का काम करता हो, चाहे कपडे का काम करता हो, चाहे खेती का काम करता हो या चाहे मजदूरी करता हो, सारी आफात को अकोमोडेट करें और ध्यान में रखते हुए एक सी मजदूरी दें। अब समाजवाद की लहर देश में तेजी से दौड रही है और यह आएगा इसमें शक की बात नहीं है। लेकिन यह जो हमारे नियंत्रण में कसर पड जाती है इसको सुधारने की बहुत भारी आवश्यकता है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप इंडस्ट्रीज की चीजों की तरफ देखिए। जूते के उपर 35 रूपये 95 पैसे लिखा होगा मगर मिल जाएगा 25 या 30 रूपये में। इसी तरह से दवाइयों के उपर बढा चढा कर कीमतें लिखी होती है मगर 60 फीसदी कमीशन के उपर वे बेची जाती है। पता नहीं फिर क्यों जमींदार को उसकी उपज का ठीक मूल्य नही दिया जाता। पिछले साल किसान को जरूरत की हर चीज की कीमत में बढौतरी हुई है। परन्तु इसके बावजूद भी पता नहीं कौन से बेसिज के उपर उसकी प्रोडक्शन

की कीमतों को फिक्स किया जाता है? यह ज्यादती मैं समझता हूं किसान के साथ नही होनी चाहिए। अगर इसमें सुधार नहीं हुआ और सरकारी कर्मचारी या पोलिटिकल पावर वाले जिसके भी हाथ में सत्ता हो वे लोगों को न्याय नहीं दे सके तो मेरा ख्याल है यह असन्तुष्टि बढती ही जाएगी और हो सकता है कि बंगाल की तरह ला–लैसनैस सारे देश में फैले। लोग कत्ल की बात सुनकर हैरान होते हैं मगर कत्ल क्यों होता है उसका कारण क्या होता है इस बात को बहुत कम लोग सोचते है। एक सच्चे आदमी को या दुखी आदमी को जब किसी अफसर या अदालत से न्याय नहीं मिलता तभी वह कत्ल करने या जेल में जाने की बात करता है। आज का मानव यह समझ चुका हैं कि भगवान किसी को छोटा बडा नही बनाता इसकी जिम्मेदारी तो व्यवस्था करने वाली सरकार पर है। आज की सरकार का जीवन के हर पहलू के साथ सम्बन्ध है। यह पहले की सरकार की तरह नही कि रक्षा विभाग संभाल कर बैठे गई। आज तो एक दुकानदार को सौदा देने से पहले तीन चार पर्चियां काटनी पडती है। खेतीबाडी का काम करने वाले को बहुत सा रैवेन्यू देना पडता है और इसी तरह से जितने भी दूसरी प्रकार के वर्ग है उनको किसी न किसी रूप में सरकार को कुछ न कुछ टैक्स के रूप में देना पडता है। इसलिए यह सरकार का फर्ज है कि वह हर वर्ग को सन्तुष्टि प्रदान करने की कोशिश करें। इसके लिए मैं समझता हूं खेती बाडी को दूसरी चीजों से कोआर्डिनेट करना पडेगा।

आज डिप्टी स्पीकर साहिबा, शासन करने के ख्याल से एक वर्ग दूसरे वर्ग को दबाने की कोशिश कर रहा है। हमारे देश में एक दो बडी पार्टियां को छोड करके सब बडी बडी पार्टिया को दो दो पार्टिया बन गई है। आज कम्युनिस्टों की दो पार्टिया हैं सोशलिस्टों की दो पार्टियां है और इसी तरह से कांग्रेसियों की भी दो पार्टिया बन गई है और उनके अन्दर विचारों का जंग जारी है। इसका मतलब यह है कि लोग अपने निशाने की तरफ तेज गति से बढना चाहते हैं। इस वास्तें यह जरूरी है कि हमारे देश की जो सरकारें हैं उन्हें वक्त के तकाजे को ध्यान में रखते हुए अपने दृष्टिकोण में तबदीली लानी चाहिए।

बैकवर्ड क्लासिज और हरिजनों की ओर डिप्टी स्पीकर साहिबा, विशेष ध्यान देने की जरूरत है। खेती बाडी का धन्धा करने वालों की तो फिर भी कुछ हालत ठीक है लेकिन इन लोगों की बुरी हालत है। जैसे फर्ज किया मैं हूं और मेरे पास पांच या दस किल्ले भूमि है तो ज्यादा नही ंतो कम से कम रोटी की जामिन तो यह है ही। कल को मान लो मेरी डैथ हो जाती है और मेरा बीमा भी नहीं है तो भी कुछ न कुछ बच्चों को मिलेगा ही, वे भूखें नहीं मर सकते लेकिन ऐसे आदमी जिनके पास न तो मकान है न दुकान है और न कोई कारखाना या फैक्टिरी है उनकी क्या हालत होगी? ऐसे लोगों की तादाद डिप्टी स्पीकर साहिबा 60 फीसदी से ज्यादा है। खेतीबाडी करने वाले हम लोग तो दरम्यान में है। कुछ लोग हमारे से उपर है जो हमें नुकसान

पहुंचाते है। लेकिन हमें उनकी तरह ने बन करके हरिजनों और बैकवर्ड क्लासिज के बारे में सोचना चाहिए क्योंकि डैमोक्रेसी यह मांग करती है कि हर आदमी को रोटी, कपडा और मकान दिया जाए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जमीन के बारे में तो किसी स्टेट में सरकार ने 30 स्टैण्डर्ड एकड लिमिट फिक्स कर दी है और किसी स्टेट में 50 स्टैण्डर्ड एकड फिक्स कर दी है मगर शहरी प्रोपर्टी के उपर कोई हद मुकर्रर नहीं की गई है। यह भी दरम्याना तबके के लोगों के साथ एक ज्यादती है। 30 स्टैण्डर्ड एकड भूमि की सारी कीमत यदि 3–4 हजार प्रति एकड के हिसाब से कैलकुलेट की जाए, 2–3 लाख बनती है इससे ज्यादा नहीं बनती। इस वर्ग में डिप्टी स्पीकर साहिबा कोई 90 फीसदी लोग आते हैं और यह कहा जा सकता है कि देहात में रहने वाले किसी भी वर्ग की सम्पति 4–5 लाख से ज्यादा नहीं बनती जबकि टाटा की चार सौ एकड की सम्पति है और बिरला की दो सौ करोड की सम्पति है मगर इनके उपर कोई सीलिंग नहीं है। जब इस तरह का भेदभाव हमारे देश में हो तो कुदरती बात है कि लोगों में असन्तुष्टि होगी। इसलिए इसकी ओर भी सरकार को ध्यान देना चाहिए।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, दो हफतों से मैं असैम्बली का सैशन देख रहा हूं। हरिजनों के बारे में इधर वालों की तरफ से और उधर वालें की तरफ से जो कुछ कहा गया उससे यही

नतीजा निकलता है कि उनके बारे में हम सबकी एप्रोच एक सी है। जब तक किसी को उसका हक नहीं मिलेगा वह लडता रहेगा। अपना हक लेने के लिए डिप्टी स्पीकर साहिबा, वह डैमोक्रेटिक तरीके यानि शांतिमय संघर्ष, अखबारों, सेमीनार और सिम्पोजियम के जरिये तो वह लडेगा ही मगर यदि सब्र और शांति से उसे उसका हक न मिला तो फिर जो तरीके ज्योति बसु ने अपनाए है उन्हें लोगों को मजबूरन अपनाना पडेगा और इसकी जिम्मेवारी इन लोगों के उपर होगी जो लोगों को उनके हक देने के लिए तैयार नहीं है। एक महाऋषि जी भी कह गए है कि जुल्म करना अगर पाप है तो जुल्म सहना महापाप है। इसलिए लोग इस महापाप को बरदाश्त नहीं कर सकते। सत्ताधारी लोगों को इन सारी बातों को समझ लेना चाहिए। जनता इस वक्त अफसरों से भी और लीडरों से भी कुछ आगे हैं। हम खबरों में पढते हैं और रेडियों से सुनते हैं कि आम जनता जिसे हम कई बार बुद्धु कहते हैं लीडरों से और अफसरों से आगे है। लोग जब अफसरों के पास जाते है और अफसर उनको मिलने के लिए टाईम नहीं देते तो वे बाहर आकर कहते हैं कि ये लोग इतनी तनख्वाह लेते हैं आराम से बैठे हुए है अच्छा कपडा पहनते हैं। इसके सारे परिवार के लोग आराम से रहते है मगर काम कुछ नहीं करते। ये सारी बातें संकेत करती है अपने काम और कर्तव्यों को अवहेलना की तरफ। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि वजीरों, कमिश्नरों, सैक्रेटरियों और डिप्टी कमीश्नरों आदि सबको इन तकाजों को पूरा करने के लिए अपने दिमाग को चेंज करना चाहिए। जब इस तरह की चेंज आ जाएगी तभी लोगों

को उनके अधिकार अच्छे ढंग से मिल सकेंगे। डिप्टी स्पीकर साहिबा लोग जहां अपने अधिकारों की मांग करते हैं वहां वे अपने कर्तव्यों को निभाने में भी पीछे नहीं है। दो बार देश के उपर हमला हुआ और दोनों ही बार तमाम गांवों के लोगों ने सोना दिया, पैसा दिया और अपने लडके सेना में दिल खोल कर भरती करवाए।

उपाध्यक्षाः आप डिमाडंज पर बोलने की कोशिश करें।

चौधरी चन्दा सिंहः अच्छी बात जी। अब मैं अपने क्षेत्र की बात करता हूं।

उपाध्यक्षाः चन्दा सिंह जी आप कितना टाईम और लेगें?

चौधरी चन्दा सिंहः अभी खत्म कर रहा हूं। थोडा सा अपने हलके के बारे में अर्ज कर दूं। डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमने जून 1966 में तीन चार सडकों के लिए पैसा जमा कराये थे। एक सडक के लिए चालीस हजार या पचास हजार के करीब और दूसरी के लिये कोई 30–32 हजार और तीसरी के लिए कोई पांच छह हजार जमा कराये थे। तभी से हम कोशिश कर रहे हैं और मैं एमएलए बनकर भी आ गया तभी से मैं भी कोशिश कर रहा हूं अब तो कुछ पीडब्ल्यूडी की रफतार बढती शुरू हो गयी है। क्योंकि पहले तो जैसा कि इन्होंने बजट में संकेत भी दिया है कि 300 किलोमीटर सडक बननी थी अब वह आठ सौ किलोमीटर पर आ गयी है और अगले सालों में 1200 किलोमीटर तक की बात

की गयी है। तो मुझे आशा है कि जल्दी इन सडकों को भी पूरा कर दिया जायेगा।

मेरे अपने इलाके में स्कूलों का तो करीब करीब ठीक सा काम चल रहा है। हम चाहते तो और भी है लेकिन आजकल के हालात को देखकर ठीक सा ही काम चल रहा है। दूसरे जहां तक ड्रेनेज का सम्बन्ध है एक डेढ साल से मैंने भी कोशिश की और सीएम साहब ने मिनिस्टर साहब को कहा लेकिन वे कागज पत्र चल रहे है और हमारे इलाके के लोगों ने और मैंने भी कोशिश की है परन्तु अभी भी वह पास मार्क्स ही है लेकिन खास हरकत में आयी नही है। उतनी हरकत में आयी नहीं जितनी कि आनी चाहिए थी। क्योंकि तीन साल पहले लाखों रूपया जमा कराने के बाद भी आज तक हम उसको हरकत में नहीं ला सके। जहां तक नयी सडकों का सवाल है उनके बारे में हम आशा लगाये हुए हैं। दूसरे खेतीबाडी और दस्तकारी के बारे में भी मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि वे इस और भी ध्यान दें। यहां पर हरिजनों के बारे में जिक्र आया कि हरिजनों के लिए एक करोड रूपये से एक कारपोरेशन बनायी जा रही है। चाहे एक करोड की बना ले या दो करोड की बना लें लेकिन हमें देखना यह पडेगा कि आबादी के तनासुब के हिसाब से जब तक उनकी तसल्ली नहीं की जाती है तब तक जो लोग आराम से बैठे हुए हैं वे आराम से नही बैठ सकते है। उनको तकलीफ ही होगी। इन शब्दों को

कहकर मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

उपाध्यक्षाः मेम्बरान को मैं यह बता देना चाहती हूं कि 12.30 पर गिलोटीन लागू करना है उसके बाद किसी मैम्बर ने नहीं बोलना है। इस हिसाब से मेरे पास केवल 17 मिनट हैं उसमें से 10 मिनट के लिए आनरेबल फाइनेन्स मिनिस्टर साहिबा ने भी बोलना है। इस हिसाब से केवल सात मिनट बचते है। अब्दुल रजाक साहब आप एप्रोप्रियेशन बिल पर बोल लेना। उस वक्त आपको टाईम दे दिया जायेगा।

चौधरी अब्दुल रजाक खांः मैं कल बोल रहा था परन्तु बीच में ही मेरी स्पीच खत्म हो गयी थी इसलिए मैंने तो दो चार बातें कहनी हैं और थोडा सा ही समय लेना है।

उपाध्यक्षाः आप को केवल सात मिनट दिये जाते हैं। आप इसी टाईम में ही बोल लीजिए।

चौधरी अब्दुल रजाक खांः मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहिबा, कल मैं जनरल एडमिनिस्ट्रेशन के बारे में जिक्र कर रहा था। मैं यह कह रहा था कि जनरल एडमिनिस्ट्रेशन अवाम की हालात को देखकर ही कोई पालिसी वगैरह बनाये जिससे कि बराहे–रास्त अवाम को फायदा पहुंचे। वे ऐसे हिसाब से अपनी पालिसीज को बनायें जिससे की आवाम को बेचैनी न हो, आवाम को यह डर न हो कि अफसरान की तरफ से गलत पालिसीज

बनायी गयी है और वे अफसरान को और इस सरकार को बद दुआ देते रहें। इसी बारे में एक दो बातें अर्ज करना चाहता हूं।

पहली बात तो यह है कि सरकारी अदारे से हमारे यहां कोआपरेटिव सोसाइटियां चलती है जिसमें आवाम का कोई भी सलाह या मश्वरा नहीं लिया जाता है बल्कि उपर की सतह पर ही पालिसी फ्रेम कर ली जाती है और उपर से लागू कर दी जाती है। सरकार अवाम को जबर्दस्ती खाद देती है आप हमारे इलाके के बारे में देखिए। हमारे इलाके में बारानी फसल होती है पानी का कोई बन्दोबस्त नही है नहरे नहीं है। टयूबवैल भी बहुत कम तादाद में है लेकिन इसके बावजूद भी सरकार की तरफ से किसानों के कर्जा इन काइन्डज दिया जाता है। वे बेचारे कितने तंग है। कितने मजबूर है बहरहाल उनके पास कोई साधन नहीं है और कोई आमदनी का जरिया नही फिर भी वे इन काइन्डज कर्जे लेते है। उस खाद को वे 28 रूपये मन के हिसाब से लेते हैं और फिर उसी खाद को वहीं जमींदार बिजनैसमैन को जो ब्लैकमैंन है आमतौर पर बेच देते हैं। बिजनैसमैन किसान से 21 रूपये मन के हिसाब से खरीद लेते है और फिर ब्लैक में यूपी में भेज देते है। मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहिबा यह बडे शर्म की बात है कि जिन लोगों को खाद की जरूरत नहीं है उनको जबरदस्ती खाद दिया जाता है उन बेचारे गरीब किसानों को मदद देनी चाहिए उनको कोई और दूसरे ढंग से माली इमदाद दी जानी चाहिए। वे इस चीज के हकदार है उन्हें इमदाद मिलनी चाहिए। तो इस तरह से

मेरे इलाके में हैजान फैला हुआ है एक एक जमीदंार को एक एक कटटे के अन्दर 6–6 या 7–7 रूपये का लास होता है। इस तरह से बजाए उनको इमदाद देने के सरकार उनको तकलीफात दे रही है।

दूसरी बात यह है कि सरकार की तरफ से खेतीबाडी में तरक्की देने के लिए लैंडमार्टगेज बैंक से कर्जा दिया जाता है। उनकी आज के दिन यह हालत है चाहे सरकार इस बारे में इन्कवायरी भी करा ले और किसान लोग भी गैलरीज में बैठे हुए है। वे भी जानते हैं कि हर किसान जो भी सरकार से कर्जा लेता है। उससे सैंकडों रूपये रिश्वत के रूप में ले लिए जाते हैं इस गलत इन्तजामी की वजह से जो कि हमारे अफसरान और एडमिनिस्ट्रेशन की है वह अवाम को परेशान करती है। इस बारे में सरकार को अपनी तवज्जह देनी चाहिए कि ऐस अवाम जो कर्जा लेकर भी मुल्क की खिदमत करना चाहते हैं और फिर उनको रिश्वत देनी पडे यह हमारे मैनेजमेंट के लिए ओर रिश्वत लेने वाले इन साथियों के लिए बायसेशर्म है। उनको इस तरह से कैसे एहसास हो जाता है कि वे ऐसे लोगों से रिश्वत ले लेते है जो अपनी जमीन को गिरवी रखकर, अपनी भोजन की थाली को गिरवी रख कर अपनी रोजी कमाना चाहते हैं और फिर उनके रिश्वत ली जाये। यह हमारे लिए बायसेशर्म है और एडमिनिस्ट्रेशन के अफसरान को इस तरह तवज्जह जरूर देनी चाहिए। मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो तीसरी बात में आपके जरिए अर्ज करना

चाहता हू वह यह है कि सरकार किसानों को उनकी तरक्की और भलाई के लिए कर्ज के रूप में मदद देती है जिससे वे कुएं बना सकें। टयूबवैल लगा सके और खेती को बढावा दे सकें। यह सरकारी अदारे से, तहसील से या फाईनैंस डिपार्टमैंट से कर्जा या तकावी के रूप में लेते है। जब उसकी वसूी का सवाल आता है। जब जमींदार या किसान अपनी जमीन को गिरवी रख कर अपनी गारन्टी दे देते हैं तो भी उनको बुला कर और वह भी उन हालात में बुला कर जब कि कहत पड जाता है और वे उस टाईम पर कर्जे को अदा नहीं कर सकते हैं तो उनको तंग किया जाता है और बन्द कर दिया जाता है। मेरी समझ में नहीं आता कि सरकार की यह पालिसी इस तरीके की क्यों चल रही है। एक आदमी अपना डीड देता है, अपनी शयूरटी दे देता है लेकिन फिर भी उसको इस तरह से तंग किया जाता है। पहले उसके हालात पर सरकार को मुतायला करना चाहिए फिर उसको मौका देना चाहिए और यह कहना चाहिए कि कर्जा अदा करो अगर नहीं कर सकते हो तो तुम्हारी जमीन नीलाम कर दी जायेगी। कहने का मतलब यह है कि अगर वे कर्जा नहीं दे सकते हैं, अपनी किश्त नहीं दे सकते हैं तो उनकी जमीन नीलाम की जा सकती है। यह तरीका नहीं होना चाहिए कि उनको दस दस दिन तक बुला कर हसब बेजा में रखा जाये और वे वहां पर जो खाना खायें वे भी अपने पल्ले से खायें। यह सरकारी कर्मचारियों की अजीब बात है कि जब उनको बन्द कर दिया जाता है और फिर वे खाना अपने पलले से क्यों खायें ? सरकार की तरफ से उनका इन्तजाम होना

चाहिए। दूसरे जब उन्होंने अपनी जमीन गिरवी रख दी और जमीन जमानत के तौर पर दे दी तो भी अफसरान की तरफ से और एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से किसानों को क्यों परेशान किया जाता है ? अभी जैसा कि भाई चन्दा सिंह जी ने कहा कि अगर एडमिनिस्ट्रेशन ऐसे ही चलती रही और सियासी लोग इस तरह से लापरवाही से चलते रहे तो एक वक्त आयेगा जो मगरबी बंगाल में हो रहा है वही हाल यहां हो जायेगा। गरीब किसान इन चीजों को कब तक बरदाश्त करेगा ? गरीब किसान इस रिश्वत को कब तक देता रहेगा ? अब वह समय आ गया है जब वह बरदाश्त नहीं कर सकता ? आज सरकार की तरफ से 20 साल से नारे लगाये जा रहे हैं कि सोशलिज्म लायेंगे, बराबरी और ना–बराबरी को खत्म करेंगे। तो मैं सरकार से गुजारिश करूंगा कि जो बेकस हालात चल रहे हैं चाहे वे मुल्क में हैं या सूबे में हैं उन हालात पर गौर करें। हमारे सूबे के अफसरान और एडमिनिस्ट्रेशन के लोग भी इस तरफ जरूर गौर करं।

जहां तक सरकार तरक्की के अलाप बजा रही है हमने इतने बिजली के कनैक्शन दे दिये यह कर दिया वह कर दिया। मैं यह भी बता देना चाहता हूं कि ये कनैक्शन महज इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड की वजह से नहीं बल्कि अवाम के सहयोग से मिले हैं। अवाम ने खुद खंभे उठाये हैं, खुछ गढ़े खोदे हैं जब उनका सहयोग मिला तभी तरक्की हुई। इससे हम इन्कार नहीं कर सकते हैं कि कुछ तरक्की हुई है। मैं एक चीज की तरफ सरकार का ध्यान

दिलाना चाहता हूं कि सरकार जो पालिसी बनाती है वह डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर या अपने स्टेट हैड क्वार्टर पर ही बना लेती है। सरकार को चाहिए कि वह अवाम के हालात को पूछ कर, उनकी तकलीफों को देख कर अपनी पालिसी वगैरह बनाये। उनकी मर्जी के मुताकिब ही कोई पालिसी वगैरह बनायी जाये। इसके लावा पहले जैसा हरकतें यहां न चलती रहैं।

